## सार-समाचार

### गणेश पूजन महोत्सव 2025 का समापन

**सीकर** (निसं)। राधाकिशनपुरा में पहली बार आयोजित गणेश पूजन महोत्सव का समापन आज अत्यंत हर्षोल्लास और धार्मिक गरिमा के साथ किया गया।दीपांशु मित्तल ने बताया कि सुबह पूजन-आरती के उपरांत गणेश भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भगवान गणेश को रथ पर विराजमान कर डीजे की धुनों और गगनभेदी जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह से भाग लिया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई सांवली रोड स्थित मारू पार्क पहुँची, जहाँ बड़े तालाब में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गणपति बप्पा का विसर्जन सम्पन्न हुआ। महोत्सव के दौरान पूज्य गुरुजी श्री जैसराज जी बोराण, मुख्य पुजारी श्यामपुरा बालाजी धाम, ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिए और गणेश भक्ति के महत्व को बताया। उनके प्रवचनों से वातावरण और भी भक्तिमय हो उठा। सुशील मित्तल ने बताया कि चार दिवसीय इस महोत्सव में प्राण प्रतिष्ठा, विशेष अर्चना, हवन और महाआरती जैसे अनेक धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए, जिनमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।विसर्जन के क्षणों में उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो उठीं और पूरा वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजायमान हो गया। राधाकिशनपुरा वासियों के लिए यह ऐतिहासिक क्षण रहा क्योंकि इस क्षेत्र में पहली बार गणेश मूर्ति की स्थापना हुई थी। सभी ने भावुक होकर कहा कि अगले वर्ष के लिए अब से ही प्रतीक्षा रहेगी। इस पूरे महोत्सव की व्यवस्था में सुशील मित्तल, दीपांशु मित्तल सहित मित्तल परिवार के ओमप्रकाश, कजोडमल, शंकरलाल, विनोद कुमार, कैलाश नारायण, गोवर्धन, गणेश एवं अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी बैठक

**झुंझुनूं,** (निसं)। फौज का मोहल्ला स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले अतिथि भवन में सैनी समाज कल्याण संस्थान की 21 सितंबर को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारी बैठक हुई। अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष डॉ. कमलचंद सैनी ने की। बैठक में प्रतिभा सम्मान समारोह के अतिथियों और स्थान पर चर्चा की गई। समारोह में एक जनवरी 2023 से 15 सितंबर 2025 तक के विभिन्न क्षेत्रों में अध्यनरत छात्र-छात्राएं व राजकीय सेवा में नियुक्ति पाने वाले व नीट, आईआईटी-जेईई, जेआरएफ, पीएचडी, स्नातक, स्नातकोत्तर, खेलकूद में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों एवं सामाजिक क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवी, भामाशाह का प्रतीक चिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम संयोजक राजेंद्रप्रसाद सैनी, पार्षद प्रदीप कुमार सैनी, पूर्णसिंह मिटावा, महावीर भारती, एडवोकेट बाबूलाल सैनी, सत्यनारायण हलकारा, संजय सिंगोदिया, सचिव सुरेश सैनी, कोषाध्यक्ष गौरीशंकर किरोड़ीवाल, संगठन सचिव बाघसिंह तोमर, नथमल गौड़, कृपाशंकर सैनी, दीनदयाल सैनी, पवन सुईवाल, सुरेंद्र सिंगोदिया, राहुल पंवार, जितेंद्र जमालपुरिया, रवि सैनी, सुरेंद्र सैनी सहित संस्थान के सदस्य मौजूद रहे।

### श्री बाबा रामदेव जी का मेला आज से

**सीकर** (निसं)। श्री बाबा रामदेव जी का दो दिवसीय वार्षिक मेला 1 सितंबर से शुरू होगा रानी सती रोड बायोस्कोप के सामने रावण का टीबा वार्ड नंबर 41 में स्थित रामदेव मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवस से विशाल मेले का आयोजन 1 सितंबर से होगा मंदिर कमेटी के भागीरथ बड़जात्या ने बताया कि संतो के सानिध्य में मेले का शुभारंभ होगा 1 सितंबर को भव्य जागरण का आयोजन होगा जिसमें अनेक भजन मंडलीय भजनों की प्रस्तुति देगी 2 सितंबर दोपहर 12:15 बजे महिला संगीत का कार्यक्रम होगा जिसमें मीनू शर्मा एंड पार्टी विशेष भजनों की प्रस्तुति एवं मंगल गीत प्रस्तुत करेगी तत्पश्चात 3:15 बजे विशाल निशान पदयात्रा निकली जाएगी जो मंदिर से प्रारंभ होकर बायोस्कोप रानी सती रोड शीतला रोड दधीचि नगर माथुर कॉलोनी सिटी डिस्पेंसरी नंबर दो देवीपुरा रोड व वह तिलक नगर होते हुए वापस बाबा रामदेव का मंदिर रावण का टीबा पहुंचेगी जहां बाबा को निशाना अर्पित किए जाएंगे शाम 7:15 बजे महा आरती होगी तथा प्रसाद वित्तिरत किया जाएगा।

### टॉयलेट का शिलान्यास किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। विधायक राजेंद्र भांबू ने शहर के प्राइवेट बस स्टैंड पर महिला यात्रियों की सुविधा के लिए पिंक टॉयलेट का शिलान्यास किया। वर्ष 2024-25 की बजट घोषणाओं के अंतर्गत पिंक टॉयलेट योजना का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और स्वच्छ सार्वजनिक स्वच्छता सुविधा प्रदान करना है। विधायक भांबू ने इस अवसर पर कहा कि महिला सुरक्षा और सुविधा हमारी प्राथमिकता है। प्राइवेट बस स्टैंड एक व्यस्त स्थान है, जहां हर दिन सैंकड़ों महिलाएं आती-जाती हैं। इस पिंक टॉयलेट का निर्माण उन्हें एक बेहतर और सम्मानजनक सुविधा प्रदान करेगा। यह हमारी सरकार की महिला-हितैषी नीतियों की ओर एक और कदम है। उन्होंने कहा कि यह निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं, ताकि यात्रियों को शीघ्र इसका लाभ मिल सके। नगर परिषद आयुक्त दिलीप पूनियां ने बताया कि इस टॉयलेट परिसर का निर्माण आधुनिक मानकों के अनुरूप किया जाएगा।

### शिक्षक संघ के वार्षिक चुनाव संपन्न

**पाटन** (निसं)। निकटवर्ती महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रायपुर पाटन में आज शिक्षक संघ (राष्ट्रीय )के उपशाखा पाटन के चुनाव संपन्न हुए ।चुनाव पर्यवेक्षक जिला मंत्री चरणजीत सिंह डूकिया व निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश चौधरी ने बताया कि आज के चुनाव में 4 प्रदेश महा समिति सदस्य और 17 जिला महासमिति सदस्य चुने गए। साथ ही उपशाखा पाटन कार्यकारिणी का गठन किया गया। पाटन उपशाखा कार्यकारिणी में पवन कुमार सैनी को सभाध्यक्ष, अशोक कुमार शर्मा व दाताराम यादव को उपसभाध्यक्ष, बजरंगलाल सैन को अध्यक्ष, ओमप्रकाश चौधरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीलकमल स्वामी को उपाध्यक्ष (पुरुष ),राखी वर्मा उपाध्यक्ष (महिला), ख्यालीराम यादव को मंत्री, प्रेम छापोलिया को महिला मंत्री व लालचंद यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

### महर्षि दधीचि जयंती धूमधाम से मनाई

**बीदासर** (निसं)। त्याग मूर्ति महर्षि दधीची जयंती रविवार को हनुमान उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में दधीची समिति बीदासर दड़ीबा के तत्वाधान में समिति के अध्यक्ष रामचंद्र दाधीच की अध्यक्षता में भक्ति व आस्था के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दाधीच बंधुओं ने महर्षि दधीची व दधिमती माता की आरती व पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना पंडित चंद्रशेखर व पंडित पवन कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ करवाई। पूजा अर्चना व रूद्राभिषेक के मुख्य यजमान पंडित चंद्रशेखर दाधीच थे। जयंती कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष रामचंद्र दाधीच, डुंगरमल शर्मा, शंकर लाल शर्मा, रोहित शर्मा, जगदीश शर्मा, जयकिशन दाधीच, पवन महाराज सहित समाज के गणमान्य नागरिक व महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

### खाटूश्याम के लिए पैदल यात्री रवाना

**बीदासर** (निसं)। श्याम पैदल यात्री संघ के तत्वाधान में रविवार को खाटू श्याम के लिए पैदल यात्रियों का जत्था कस्बे के गांधी चैक स्थित गोपीनाथ जी के मंदिर में पूजा अर्चना कर संघ के गोविंद पाराशर के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ जुलूस के रूप में रवाना हुआ। पैदल यात्रियों का जुलूस कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरा तो पैदल यात्रियों का श्रद्धालुओं ने अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पैदल यात्रियों का जत्था खाटू नरेश श्याम के जयकारे लगाते हुए मुख्य मार्गों से गुजरा तो कस्बे का वातावरण आध्यात्मिक बन गया। पैदल यात्रियों का जत्था 6 सितंबर को खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर बाबा के दरबार में धोक लगाएगा। पैदल यात्रियों के जत्थे में श्याम परिवार के गोविंद पाराशर, राकेश शर्मा, रवि मोदी, मनोज पंसारी, अमित टांटिया व ध्वजाधारी राकेश कुमार सहित 35 यात्री जत्थें में रवाना हुए।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**झुंझुनूं,** (निसं)। विधायक राजेंद्र भांबू ने ग्राम पुरोहितों की ढाणी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय युवाओं द्वारा किया गया है। जिसमें आस-पास के कई गांवों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे विधायक भांबू ने मैदान में उतरकर बल्ले से शॉट मारा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना जरूरी है। क्रिकेट जैसे खेल न केवल युवाओं का मनोरंजन करते हैं, बल्कि उन्हें अनुशासन और टीम भावना भी सिखाते हैं।

### छात्राओं ने शैक्षिणक भ्रमण किया

**बलंवतपुरा,** (निसं)। डूंडलोद गर्ल्स स्कूल बलंवतपुरा की छात्राओं ने प्राचार्या इंदू सोनी के निर्देशन में शाकंभरी माता माता व कोट बांध आदि प्राकृतिक स्थानों का शैक्षिणक भ्रमण किया। इस अवसर पर प्राचार्या इंदू सोनी ने भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं ने उत्साह के साथ पिकनिक का आनंद लिया।

# यूनिवर्सिटी टॉपर भावना सम्मानित




छात्रा भावना वर्मा को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की बी.ए. परीक्षा में विश्वविद्यालय टॉपर ( गोल्ड मेडलिस्ट ) आने पर 51,000 रुपये व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

**चूरू** (निसं)। चूरू बालिका महाविद्यालय एवं ब्राइट माइंडस पब्लिक स्कूल के संचालक चूरू चेरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता व स्थानीय प्रबन्ध समिति की संयुक्त बैठक ट्रस्टी भगवती प्रसाद बिहानी की अध्यक्षता में रविवार को महाविद्यालय सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में विशेष आमंत्रित अतिथि महेश सोनी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामगोपाल बहड, सचिव भागीरथ शर्मा, संयुक्त सचिव राजेश भावसिंहका, सदस्य श्याम सुन्दर शर्मा, राजेश मंडावेवाला, विमल सिंह राठौड़, मीना सराफ, प्रीति टावरी, मुन्नी देवी डागा, वाहिद अली खान, ओम प्रकाश तंवर, छत्तर सिंह डागा, प्राचार्य आशा कोठारी व स्कूल प्राचार्य राहुल शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक में प्रबन्ध समिति के सचिव भागीरथ शर्मा ने महाविद्यालय व स्कूल की गतिविधियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान ट्रस्टीगणों ने मेधावी छात्रा भावना वर्मा को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की बी.ए. परीक्षा में विश्वविद्यालय टॉपर (गोल्ड मेडलिस्ट) आने पर 51,000 रुपये व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका भावना अग्रवाल व नेहा तंवर को राज्य स्तरीय पर सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका रहने पर 2100 रुपये की नकद प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में महाविद्यालय व स्कूल के विकास कार्यों की समीक्षा की गई तथा ट्रस्ट गणों ने महाविद्यालय व स्कूल के परीक्षा परिणाम, गतिविधियों एवं प्रगति पर प्रसन्नता जाहिर की।

ट्रस्टियों ने विश्वास दिलाया कि ट्रस्ट द्वारा विद्यार्थियों के अध्ययन-अध्यापन की प्रत्येक आवश्यकता को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। बैठक से पूर्व महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष रामगोपाल बहड ने ट्रस्टिगणों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान महाविद्यालय व ब्राइट माइंडस स्कूल का ट्रस्टीगणों ने निरीक्षण कर इसके सुचारू संचालन की प्रशंसा की।

## फार्मा फेयर में 80 नए फार्मासिस्ट सम्मानित

**चूरू** (निसं)। जिला औषधी भंडार में रविवार को फार्मा फेयर 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ड्रग कंट्रोल ऑफिसर मनोज गढ़वाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक आनंद सूरा ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. राशिद, सीकर अध्यक्ष श्योजीराम, प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान गोरा, सदस्य जितेन्द्र तंवर व करियर फार्मेसी कॉलेज के निदेशक मनोज धेतरवाल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। गणेश वंदना से शुरू हुये कार्यक्रम में महिला फार्मासिस्ट वर्षा, किरण, कनिका व अनिता ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर सौरभ शर्मा ने कविता प्रस्तुत की। राजस्थान फार्मासिस्ट एम्पलाइज एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में हाल ही में चयनित 80 नए फार्मासिस्टों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके साथ ही 13 फार्मासिस्टों को ग्रेड-फर्स्ट पर प्रमोशन मिलने पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि गढ़वाल ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत से दवाओं की गुणवत्ता और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित होती है। फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि ऐसे आयोजन फार्मासिस्टों के बीच संवाद बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में जिलेभर से आए फार्मासिस्टों ने संगठन की मजबूती और भविष्य की कार्य योजना पर चर्चा की।

# करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया



तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया, चूरू सासंद राहुल कस्वां, जिला प्रमुख प्रतिनिधि मोहनलाल आर्य एवं प्रधान संजय कस्वां ने करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

**तारानगर** (निसं)। तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया, चूरू सासंद राहुल कस्वां, जिला प्रमुख प्रतिनिधि मोहनलाल आर्य एवं प्रधान संजय कस्वां ने तारानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भालेरी में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। प्रधान संजय कस्वां ने बताया कि सासंद कोटे से 29 लाख, विधायक कोटे से 70 लाख, जिला परिषद से 20 लाख, प्रधान कोटे से 1करोड़ 30 लाख पंचायत से 3 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ है। सरपंच राजेश कस्वां ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक बुडानिया ने कहा कि हमारी कांग्रेस सरकार में पूरे राजस्थान में अनेकों विकास कार्य हुए है लेकिन वर्तमान भाजपा की सरकार में विकास के पहिये के ब्रेक लग गए है। प्रधान संजय कस्वां ने कहा कि विधायक नरेन्द्र बुडानिया के नेतृत्व में हमारी टीम ने विधानसभा क्षेत्र के गाँव व शहरी क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी थी लेकिन बड़े अफ़सोस की बात है क्षेत्र में अब पानी बिजली कृषि आदि की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश सहारण, मदन लाल पांडया, जिप सदस्य विमला कालवा, बीडीसी सदस्य मोहर सिँह ज्याणी, संजय प्रजापत, इक़बाल भाटी, धनराज डागर, दौलतराम मेघवाल, रामेश्वर भाकर, ख्यालीराम प्रजापत, मोहर सिँह धाणक, कृष्ण सहारण, प्रताप सहारण, सुनील बेनिवाल, जावेद बहलीम, असलम भाटी, भंवरु खाँ सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यक्रम एवं सैकडों ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्नेह मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर जाट समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित समाज स्नेह मिलन और भामाशाह सम्मान समारोह का भव्य आगाज आराध्य देव, वीर शिरोमणी तेजाजी महाराज के समक्ष दीप प्रज्ज्वल के साथ हुआ। समारोह में चौ. सत्यपाल मलिक को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बड़ी संख्या में शहर और राजलदेसर तहसील के गांवों से लोग पधारे और करीब 60 लाख से अधिक राशि का आर्थिक सहयोग भवन निर्माण एवम् विकाश के लिए आगन्तुको ने दिया। इस अवसर पर 15 पन्द्रह भामाशाह परिवारों ने 1-1 कमरा निर्माण की घोषणा की। अन्य भामाशाहो ने भी दिल खोलकर बढ़ चढ़कर आर्थिक सहयोग किया। मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए चूरू सांसद राहुल कस्वा ने कहा कि सभी को अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जानी चाहिए। शिक्षा से ही सामाजिक क्रांति सम्भव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रतनगढ़ विधायक पुसाराम गोदारा ने इस संस्था को बहुआयामी बनाने का आव्हान किया। मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए चुरु जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंद्राज खिचड़ ने समस्त उपस्थित लोगों से सामाजिक कुरीतियो को त्यागने युवानों में बढ़ रही नशा प्रवृति को छोड़ने तथा सभी समाजो को साथ ले कर शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्रों में आगे बढ़ने का आव्हान किया। संस्था के सचिव नगर पालिका वाइस चैयरमेन चन्द्रप्रकाश घिंटाला ने संस्था की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और संस्था की भावी योजना के बारे में बताया। संस्था के अध्यक्ष पूर्णाराम लोहमरोड ने मेहमानों का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। अतिथियों, भामाशाहो और प्रबुद्ध जनो को स्मृति चिन्ह भेंट कर संस्था की ओर से सम्मान किया गया। दिल्ली पुलिस में सीआई संजय घिंटाला, शिक्षाविद मुकनाराम नेहरा, सुल्तान भिंचर, भादर भामू (कामरेड), हेमाराम कालेर, दीपाराम पूनिया, सुभकरण नैण, किसान नेता मदन जाखड, खिवाराम खालिया, विजय पाल मुहाल, पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र हुड्डा व अन्य वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए।

# ''एक शाम चार सितारों के नाम'' संगीत संध्या का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

**चूरू** (निसं)। कला जागृति संस्थान चूरू की ओर से झारिया मोरी के पास स्थित व्यास जी की बगीची में एक शाम चार सितारों के नाम संगीत संध्या का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्श्व गायक मोहम्मद रफी, मुकेश कुमार, लता मंगेशकर व किशोर कुमार की याद में हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. केसी सोनी ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डीईओ मा. संतोष महर्षि, जिला परिषद् सदस्य संपत सिंह राठौड़, डॉ. एफ.एच. गौरी, देवेंद्र जोशी, डॉ. आनंद प्रकाश व डॉ. विकास देवड़ा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। संस्था अध्यक्ष विनोद व्यास, संरक्षक रामसिंह बीका, सचिव राजकुमार शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज जोशी, सह सचिव जगदीश खेड़ीवाल ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। कला जागृति संस्थान के अध्यक्ष विनोद व्यास ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज करते हुए कहा कि सुख के सब साथी दुःख में ना कोई जैसे गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया।

कार्यक्रम में अनुष्का बुंदेला, ममता सोनगरा, कांता सोनगरा, लालचंद सैनी, रितेश प्रजापत, दीपक सिंह बीका, सुमन चौधरी, बालकिशन तिवाडी, मुस्कान बानो, पूनम प्रजापत, अजय भालेरीवाला, राजकुमार शर्मा, ज्योति व्यास, दीपांशु व्यास, हर्षवर्धन व्यास, बृजमोहन, निर्मला शर्मा, विमला शर्मा, पूनम कुमारी, शीतल सोनी, पंडित हेमंत व्यास, हीरालाल सहित अनेक गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित स्त्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी।

इस दौरान समिति सदस्यों ने गायक कलाकारों का प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष विनोद व्यास ने बताया कि नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करना व नए कलाकारों को तरासना ही इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में 41 कलाकारों ने अपने गीतों की प्रस्तुतियां दी, जिसमें 28 कलाकारों ने पहली बार मंच पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर परमेष्वर तिवाड़ी, युग, दीपांशु, सूर्य प्रकाश, हेमंत, सौरभ आदि ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। बीकानेर की आर्केस्ट्रा पार्टी ने गीतों की धुन बजाई। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट ओमप्रकाश वर्मा व रवि दाधीच ने किया।



कला जागृति संस्थान चूरू की ओर से झारिया मोरी के पास स्थित व्यास जी की बगीची में ''एक शाम चार सितारों के नाम'' संगीत संध्या का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सार-समाचार

### शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से सम्पन्न

**पाटन** (निसं)। यादव समाज नीमकाथाना की नवीन कार्यकारिणी के विस्तार एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ संरक्षक बालूराम यादव (कुरबडा) ने की, जबकि समारोह का संचालन समाज अध्यक्ष एडवोकेट अनिरुद्ध यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष एडवोकेट अनिरुद्ध यादव एवं अन्य पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलवाई गई। हरफूल यादव, सीताराम सरपंच (टोडा), कैप्टन बलदेव यादव , तथा पप्पू हुलडा को उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। धर्मपाल (करजो) को महासचिव, महावीर बिछवालिया को कोषाध्यक्ष एवं रणवीर सिंह यादव को छात्रावास अधीक्षक के पद पर नियुक्त कर शपथ दिलवाई गई। अन्य सदस्यों को भी समाज सेवा हेतु कर्तव्यबद्ध किया गया।समारोह में कन्हैयालाल यादव, सीताराम ग्राम सेवक, पी.डी. यादव, राजेश बड़ाबन्ध, संजय बल्लूपुरा, सुंडाराम करजो, रामनिवास (हसामपुर), गुलाब (मांडिया), शंकर (टोड़ा), धर्मवीर (आगवाड़ी) सहित समाज के अनेक गणमान्यजन, वरिष्ठ नागरिक एवं युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान समाज में चल रहे विकास कार्यों, शैक्षिक उन्नयन, तथा युवाओं की भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।समारोह में एक विशेष क्षण तब आया जब प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव का पुस्तकालय कक्ष हेतु 12 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करवाने पर भव्य सम्मान किया गया। यह पहल समाज के शैक्षिक विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### गणेश उत्सव भारतीय संस्कृति का जीवंत प्रतीक : संतोष अहलावत

**सूरजगढ़,** (निसं)। मंडी सड़क पर आयोजित गणेश उत्सव में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने कार्यक्रम में शिरकत की और कहा कि गणेश उत्सव जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। ये उत्सव हमारी सनातन परंपराओं को जीवंत रखने और समाज में आध्यात्मिकता व एकता का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजकों ने संतोष अहलावत का चुनरी ओढ़ाकर हार्दिक स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने विधिवत रूप से भगवान गणपति की पूजा-अर्चना की और उत्सव की भव्यता की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि सुबह-शाम होने वाली भगवान गणपति की आरती और मधुर भजनों की स्वर लहरियों ने पूरे वातावरण को भक्ति और आध्यात्मिकता के रंगों से सराबोर कर दिया है। उत्सव का विशेष आकर्षण छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। जिन्होंने अपनी प्रतिभा और उत्साह से सभी का मन मोह लिया। इस आयोजन में सुभाष भड़िया, अशोक कोठारी, मुकेश गाड़ोदिया, अरविंद जाखोदिया, शुभम गोयल, प्रमोद लोहारूवाला, संजय गोयल, दीपचंद यादव, सुरेंद्र धांसर, मिंटू कनोडिया, प्रताप सिहाग, ईश्वर अड़ीचवाल, सतीश गोयल, योगेश सिरसाला, नरेश कुहाड़वासिया सहित मंडल के सभी सदस्य सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

### विवान स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। जयपुर में 23 एवं 24 अगस्त को आयोजित सिख गेम्स स्टेट चैंपियनशिप 2025 ताइक्वांडो में झुंझुनूं की विवान स्पोर्ट्स अकेडमी के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। अकेडमी के खिलाडियों ने राज्य स्तर पर खेली गई। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए पांच गोल्ड, चार सिल्वर और नौ ब्रॉन्ज मैडल हासिल किए। अकेडमी के खिलाड़ी हार्दिक मूंड, हिमांशु, शुभम, अंकुश और अंशुल ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। वहीं सूर्यांश, चेतन, लक्ष्य और हिमांशी ने रजत पदक अपने नाम किए। इसके अलावा विराज, अमायर, पुष्पेंद्र, शिवम, लक्ष्य, प्रीतम, एंजेल, मुद्राषी और प्रिया ने कांस्य पदक प्राप्त कर अकेडमी और अभिभावकों का गौरव बढाया। प्रतियोगिता से विजयी होकर लौटने पर विवान स्पोर्ट्स अकेडमी परिसर में खिलाडियों और विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ताइक्वांडो टीम कोच भवानी शंकर, फिटनेस कोच अश्वनी शर्मा, ताइक्वांडो कोच रोहिताश गुर्जर सहित टीम मैनेजर कमल झाझडिया उपस्थित रहे। स्वागत समारोह में विशेष अतिथि के रूप में प्रदीप मील, योगेश भडाना तथा अभिभावकगण अजीत पूनियां, विशाल तिलोतिया, अजय सैनी, सतवीर मूंड, राहुल मील और अनिता ने भी शिरकत की। खिलाडियों की इस उपलब्धि से समूचे जिले में खुशी की लहर दौड गई और सभी ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### रोहित गुर्जर को नगर मंत्री का दायित्व मिला

**झुंझुनूं,** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झुंझुनूं की नगर बैठक का आयोजन विवेकानंद भवन में किया गया। एबीवीपी झुंझुनू के जिला संयोजक अभय प्रताप सिंह ने बताया कि झुंझुनूं नगर की बैठक में सदस्यता और संगठन में आगामी गतिविधियों की चर्चा की गई। साथ ही झुंझुनूं नगर की एबीवीपी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नगर अध्यक्ष मुकेश लाम्बा, नगर मंत्री रोहित गुर्जर, नगर सह मंत्री आर्यन चौधरी, नगर सह मंत्री गौरव थालौर, नगर कार्यालय मंत्री हितेश शर्मा, नगर एसएफडी प्रमुख दीपक सैनी, नगर एसएफएस प्रमुख भरत कटारिया, नगर खेलो भारत संयोजक नितिन गहन, नगर खेलो भारत सह संयोजक अक्षय चौधरी को बनाया गया। जिसमें झुंझुनूं मोरारका कॉलेज इकाई अध्यक्ष वंशदीप सिंह, भाग संयोजक मंजीत निर्मल, बडागांव नगर मंत्री अरुण शेखावत, संजीव सैनी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पार्क में लगवाएंगे सीसीटीवी कैमरे, विधायक भांबू ने घोषणा की

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के पारिजात पार्क में स्थित मंदिर में हाल ही में हुई चोरी की घटना के बाद विधायक राजेंद्र भांबू मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की समीक्षा की और पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, पार्क की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के लिए विधायक ने अपनी निधि से दो अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी घोषणा की। गत दिनों रात में मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की थी, जिसमें मंदिर का कुछ सामान गायब हो गया था। इस घटना से स्थानीय नागरिक और भक्त समुदाय में रोष है। मौके पर पहुंचकर विधायक भांबू ने पुलिस को निर्देश दिए कि वह इस मामले को गंभीरता से ले और सीसीटीवी फुटेज का सहारा लेते हुए शीघ्र अपराधियों को पकड़े। इस अवसर पर पूर्व पार्षद प्रमोद जानूं, विपुल छक्कड सहित नगर परिषद के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### बस ने बाइक को टक्कर मारी, एक की मौत

**बीदासर** (निसं)। नोखा-सीकर स्टेट हाईवे 20 पर जोधपुर विधुत वितरण निगम कार्यालय के पास 19 अगस्त को नोखा की तरफ से आ रही एक अनियंत्रित लोक परिवहन बस ने बाईक पर जा रही राजकीय महाविद्यालय की तीन छात्राओं को टक्कर मार दी थी। हादसे में हेतल निवासी घंटियाल छोटी, निकिता व देवकी निवासी बीदासर घायल हो गए। घायल छात्राओं को हाईसेंटर रैफर किया गया था। जिसमें से बीदासर निवासी निकिता पुरोहित ने जोधपुर की एक अस्पताल में शनिवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जिसके बाद मृतका के पिता नेमसिंह राजपुरोहित ने पुलिस थाना में बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)**

E- Mail Address - eonp.sdlp@ yahoo.in, Fax & Phone: 01559-222039

क्रमांक :- न.पा.रा./ 2025-26/3440-41 दिनांक :- 24/08/2025

**प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिये)**

**-: लोक सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का कृषि से गैर-कृषिक (90क सुओमोटो) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| क्र. स. | आपति सूचना पत्रावली 90क आवेदक का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल | प्रायोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खातेदार श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री लिछमण, निवासी- राजगढ़ (चूरू) | ग्रामीण राजगढ | 129 | 3.12 हैक्टेयर | ''90क सुओमोटो'' आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पुर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप नही है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुक्त नियम समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नही हैं और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

(राकेश कुमार अरोड़ा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका राजगढ़ (चूरू)